# चोरी के पांच मामलों का पर्दाफाश

**10 .60 लाख का मशरूका किया बरामद**

**चोरों का अंतर जिला गिरोह पकड़ाया**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 4 अक्टूबर, सिरोंज पुलिस ने पांच चोरी के मामलों का खुलासा किया है. पुलिस ने अयोध्या बस्ती, पार्क सिटी और गोकुल धाम कॉलोनी में हुई चोरी की वारदातों का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने मामले में चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह को पकड़ा है. वही आरोपियों से करीब 10 लाख 60 हजार का मशरूका भी बरामद किया है. पुलिस ने मामलों में करीब 180 सीसीटीवी फुटेज खंगालने तथा तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से सफलता हासिल की है. जानकारी के अनुसार आरोपी सूने घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे.**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिरोंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डावर के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने चोरों के अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश कर मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामलों में पुलिस ने आरोपी अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी उमर फारूख उम्र 35 वर्ष व अफजल कॉलोनी जिंसी चौराहा, भोपाल निवासी मोहम्मद मियां उम्र 27 वर्ष एवं न्यू आरिफ नगर, बैरसिया रोड, भोपाल निवासी नईम अली उम्र 28 वर्ष तथा वार्ड 21 अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी फरीद उम्र 28 वर्ष को पकड़ा है. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार राय, उप निरीक्षक आर.के. दोरहे, सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र लोधी, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक सचिन सोनी, आरक्षक गिरजेन्द्र, आरक्षक विष्णु, आरक्षक गुलशन, आरक्षक रवि, आरक्षक मुकेश की सराहनीय भूमिका रही.

### इन वारदातों का किया खुलासा

पुलिस ने 24 जून 2025 को अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी दलन कुशवाह के हुई चोरी के मामले में करीब 1 लाख 20 हजार रूपये बरामद किये. वही 9 अगस्त से 11 अगस्त के बीच वार्ड 21 पार्क सिटी सिरोंज निवासी अमर सिंह कुशवाह के हुई चोरी की वारदात के मामले में 4 लाख रूपये, 10 सितंबर को अयोध्या बस्ती सिरोंज निवासी नारायण सिंह के हुई चोरी की वारदात के मामले में 2 लाख रूपये, 16 अक्टूबर को पार्क सिटी सिरोंज निवासी याकूब अब्बासी के हुई चोरी की वारदात के मामले में 2 लाख 20 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया है.

## तेज रफ्तार ट्रक ने पांच लोगों को रोंदा

**हंडिया 04 नवम्बर** हंडिया, तहसील क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। नयापुरा और रातातलाई के बीच से गुजर रहे पांच लोगों को एक अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घनश्याम, विजू, किरण, प्रियांशु और रघुवीर सभी निवासी नयापुरा अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सीधे उन पर चढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी लोग सड़क किनारे गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत 112 डायल पुलिस को सूचना दी। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया पहुंचाया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया, जबकि गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।



## आवास बनाने के नाम पर महिलाओं से लाखों ऐंठे

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना में टीकमगढ़ नगरीय क्षेत्र में दो महिलाओं ने एक ठेकेदार पर राशि लेकर आवास निर्माण न कराने की शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष दर्ज कराई है। महिलाओं का आरोप है कि इन दोनों महिलाओं से संबंधित ठेकेदार ने लाखों रुपए की राशि ऐंठ ली है।**

दरअसल दो महिला हितग्राहियों ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार से लिखित शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक ठेकेदार ने उनसे मकान बनाने के नाम पर पैसे लिए लेकिन चार साल बाद भी उन्हें आवास नहीं मिला है। महिलाओं ने बताया कि इस कार्य को करने वाले ठेकेदार और कोई नहीं बल्कि टीकमगढ़ जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ललित अहिरवार हैं।

इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने सीएमओ को पत्र जारी कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

वार्ड नंबर 24, नारगुड़ा दरवाजा मोहल्ला निवासी कमला जोशी ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास स्वीकृत हुआ था। निकाय से 2 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। जिसमें से उन्होंने 1.90 लाख रुपये ठेकेदार ललित अहिरवार को 14 अप्रैल 2021 को 50 रुपए के स्टांप पर लिखित रूप में दिए थे। उन्हें आज तक मकान नहीं मिला है। इसी तरह वार्ड 24 निवासी रानो पत्नी राजू रैकवार ने बताया कि उन्होंने 23 सितंबर 2021 को ठेकेदार ललित अहिरवार को बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास निर्माण के लिए 1.85 लाख रुपए लिखित रूप में दिए थे। ठेकेदार ने उन्हें भी अब तक मकान नहीं दिया है और अब कह रहा है कि वह आवास का निर्माण नहीं कर रहा है।

3नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा है कि महिलाओं की शिकायत पर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए पत्र जारी किया गया है। इन दोनों पीड़ित महिलाओं ने शिकायत में कहा है कि कि उन्हें वर्ष 2021 में बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास के लिए राशि उनके खातों में मिली थी। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ठेकेदार ललित अहिरवार ने मकान बनाने का आश्वासन देकर यह राशि ले ली थी। अब ठेकेदार पैसे वापस करने से भी इनकार कर रहा है। दोनों महिलाएं झाडू-बर्तन का काम करके गुजारा करती हैं और किराए के मकान में रह रही हैं।

## सामूहिक गायन कर शासकीय कार्य प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया। अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र-गान का गायन कर शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। सामूहिक गायन में विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया।

## घरेलू गैस सिलेंडर में ठगे जा रहे उपभोक्ता

नवभारत न्यूज

**सागर 4 नवम्बर. सरकार द्वारा घरेलू गैस उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक सुलभ व्यवस्थाएं प्रारंभ की गई है.**

सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार लाडली बहनों को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए थे. बाद में उन्हें सब्सिडी भी देने का काम सरकार द्वारा किया गया. निशुल्क गैस कनेक्शन का लाड़ली बहनों को लाभ भी मिला,लेकिन अब उन्हीं लाडली बहनों को ठगा जा रहा है. कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके घर पर जो घरेलू गैस सिलेंडर पहुंचता है, उसमें गैस की चोरी की जा रही है और लगभग 2 से 3 किलो गैस कम निकल रही है,जिससे घरेलू बजट बिगड़ रहा है,तो वहीं इस व्यवस्था के प्रति अविश्वास की स्थिति भी पैदा हो रही है, इसे एजेंसी की लापरवाही कहें या फिर हाकरो की कालाबाजारी ?

रजाखेड़ी निवासी कुछ उपभोक्ताओ ने बताया कि पिछले दो माह से यह समस्या है जो गैस सिलेंडर एक माह चलता था अब वह 20 दिन में ही खत्म हो रहा है. सिलेंडर में कम गैस होने की वजह से वह कम समय में ही खाली हो जाता है.

## हाईवे पर डिवाइडर से टकराई कार, 6 घायल

### नेशनल हाईवे पर राधाकृष्ण राइस मिल के पास हुआ हादसा

**मुलताई। नेशनल हाईवे नागपुर बैतूल रोड पर राधाकृष्ण राइस मिल के पास मंगलवार सुबह 8 बजे बैतूल की ओर जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।**



जिससे कार के सवार बैतूल के छह युवक घायल हो गए। युवक कार से जामसावली से दर्शन कर लौट रहे थे। बताया जाता है कार चला रहे युवक को झपकी आ गई,जिससे इनोवा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और चार से पांच बार पलट गई।

दुर्घटना में जहाँ कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार में सवार बैतूल निवासी आदर्श जैन, प्रतीक खंडेलवाल, ऋतिक बारस्कर, आर्यन सोनी, आशुतोष जैन और राहुल शर्मा घायल हो गए। घटना की सूचना प्रत्यक्षदर्शियो ने तुरंत पुलिस और 112 डायल टीम की दी,सूचना मिलने पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची एवं सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी युवा जामसावरी गये हुए थे, जहां से लौटते समय राधाकृष्ण राइस मिल के पास यह हादसा हुआ।

### एक नजर में



## नर्सिंग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं श्रद्धा

**सागर.** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजकुमार कपूर ने संगठन का विस्तार करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उपाध्याय की अनुशंसा पर श्रद्धा तिवारी को नर्सिंग प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया. नियुक्ति पर जिला चिकित्सालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें सिविल सर्जन डॉ आरएस जयंत, डॉ जितेंद्र सराफ, डॉ प्रीति तिवारी, डॉ संतोष पटेल, डॉ भरत अहिरवार, डॉ आशीष ठाकुर,विनीता राव, सुशीला जान, शीला मालवीय, विनीता टिचकुले,ननकी नायक, शशी वाल्टर, अनुराधा श्रीवास्तव, रक्षा सोनी, मुस्कान चौधरी, प्रभात मिश्रा, अनुरुद्ध गुप्ता द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है.




## बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर दी जानकारी

**सीहोर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया .कार्यशाला में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानने के लक्षण एवं सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया . कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की अपर संचालक श्रीमती सीमा सिंह ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य महिला हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी . कार्यशाला में डीपीओ ज्ञानेश खरे, डायरेक्टर डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, डीएसपी पूजा शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा, आईटीआई एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधि शामिल हुए .

## विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**बैतूल।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के प्रवर्तन में उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम (इएसडीपी) के तहत बैतूल जिले के अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप) के द्वारा नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 12वीं कक्षा पास तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए शौर्य एजुकेशन इंस्टीट्यूट, होटल रीमून के सामने, इटारसी रोड, सदर, बैतूल के पते पर संपर्क किया जा सकता है।

## न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह

**गुना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 9 नवम्बर 25 से 14 नवम्बर 25 प्रदेशभर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जावेगा। इसी तारतम्य में जिला गुना में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला गुना में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत 09 नवम्बर विधि दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ प्रर्दशनी एवं अन्य दिवस में जेल शिविर, श्रमिक बस्ती में शिविर, स्कूलों कॉलेजों में पोस्टर, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक, निंबध आदि एवं दिनांक 14 नवम्बर को बाईक रैली का आयोजन किया जावेगा।

## दो वर्षीय बच्चे के लिए डॉक्टर बने भगवान, निशुल्क की सर्जरी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। जिले के ग्राम बरखेड़ा भोगी निवासी दो वर्षीय बालक के लिए डॉक्टर उस समय भगवान बन गए, जब बच्चे के दिल में छेद होने की बजह से उसमें ऑक्सीजन की कमी हो गई और इसकी बजह से उसका शरीर नीला पड़ गया।**

बच्चे की हालत खराब होने की जानकारी जैसे ही जिले के आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर को लगी तो उन्होंनें नारायण हृदयालय मुंबई के डॉक्टरों से संपर्क साधा और ऑपरेशन करने के निवेदन किया, जिसे उन्होंने सह्दय स्वीकारते हुए बच्चे की नाजुक स्थिति को समझते हुए अर्धरात्रि में ही दिल का ऑपरेशन कर दिया, वह भी बिल्कुल निशुल्क।

बताया जाता है कि हद्य की इस सर्जरी में करीब पांच लाख रूपये का खर्च आता है, जो नारायण फाउंडेशन (NGO)द्वारा दिया गया। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि ग्राम बरखेड़ा भोगी निवासी दो वर्षीय अरनब अहिरवार जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित था। उसको उपचार के लिए नारायण हृदयालय मुंबई भेजा गया। जहां वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा बताया कि सर्जरी तुरन्त करनी पड़ेगी। इसके लिए हॉस्पिटल प्रबंधन ने तुरंत नारायण फाउंडेशन मुंबई से आर्थिक सहायता ली।

## कई कालोनियों में गहराया भीषण जलसंकट

नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 नवंबर. सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत का सामना करना आश्चर्यजनक लगता है, लेकिन मुख्यालय की अनेक कालोनियों में इन दिनों यह नजारे देखने को मिल रहे हैं जब लोग खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में भटक रहे हैं या निजी टैंकरों पर आश्रित हो गए हैं. हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के कारण पाइपलाईन को शिफ्ट किया जा रहा है जिसकी वजह से क्षेत्र में बीते कई दिनों से नलों से एक बूंद पानी भी नहीं टपका है.**




शहर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित आसपास की कालोनियों में पिछले 15 दिनों से नल सूखे पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर बने हुए हैं. लोगों को सर्दी के मौसम में भी रोजाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. हालत यह है कि इस समय लोगों को टैंकर से जलापूर्ति करनी पड़ रही है. इसका प्रमुख कारण निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (चाणक्यपुरी रोड की तरफ) की दीवार बनाने के दौरान खुदाई में मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त होना है. ऐसे में नगर पालिका और ब्रिज कार्पोरेशन जबावदेही का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ा जा रहा है.

अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतू निर्माण के अनुविभागीय अधिकारी ने पूर्व में पत्र लिख था, जिसके बाद हमने परिषद में संकल्प पारित कर उक्त कार्य करने के लिए राशि की मांग की थी, जो अब तक नहीं आई है, वहीं 15 अक्टबूर को सूचना दी और बिना राशि जमा लिए ही खुदाई प्रारंभ कर दी है. हालांकि अब नगरपालिका पेयजलापूर्ति की समस्या का आगामी 24 घंटे में निराकरण कर देगी.

**प्रिंस राठौर,**
**नगरपालिका अध्यक्ष**

## तात्या टोपे यूनिवर्सिटी में बवाल

### विद्यार्थी परिषद और प्रशासन आमने-सामने, कुलपति कक्ष में टूट-फूट

**गुना। क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए जोरदार प्रदर्शन से माहौल तनावपूर्ण हो गया। ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मचारियों के बीच झूमाझटकी के दौरान कुलपति कक्ष के बाहर कांच टूट गया और एक कर्मचारी घायल हो गया। पुलिस बल को मौके पर बुलाना पड़ा।**



कार्यकर्ता विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी, स्टाफ और बस सेवा से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे। परिषद का कहना है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से कुलपति से मिलना चाहती थी, लेकिन पुलिस और सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने पर धक्कामुक्की हुई। परिषद संयोजक आदित्य शाक्य ने कहा कि 'विद्यार्थी परिषद अनुशासित संगठन है, तोड़फोड़ का आरोप झूठा है। हमारी मांगें न मानी गईं तो उग्र आंदोलन होगा।'

वहीं, विश्वविद्यालय स्टाफ ने परिषद कार्यकर्ताओं पर अव्यवस्था फैलाने और जबरन कार्यालय में घुसने का आरोप लगाया। सुरक्षाकर्मी अमित गौर ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने धक्कामुक्की की, जिससे उन्हें चोट आई।

कार्यालय सहायक प्रशांत दुबे ने कहा कि 'हमने केवल रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गाली-गलौच और नाखूनों से हमला किया।'

## ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**गुना।** शहर की कैंट थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले युवक को पुलिस ने इलाका भ्रमण के दौरान दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुशमौदा चौकी के पास एक युवक लोगों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी नीरज छारी पुत्र अशोक छारी निवासी तलैया मोहल्ला कैंट को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से वीवो कंपनी का मोबाइल मिला, जिसमें एजेंट आईडी123311 से ऑनलाइन मैच सट्टे का संचालन किया जा रहा था। यह आईडी उसे कमीशन पर शुभम जैन निवासी कुशमौदा चौकी क्षेत्र से मिलती है, जो उसे सट्टा खिलाने के लिए उपलब्ध कराता है।




## पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में पुलिसिंग को अधिक जनमुखी संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के प्रयासों में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई निरंतर नवाचार कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लेकर थाना-चौकियों तक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।**

जिनका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान करना है। जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई शिविर में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का समाधान वहीं स्थल पर तत्काल किया गया। जिन प्रकरणों पर समय की आवश्यकता थी उन पर शीघ्र कार्रवाई के भरोसे ने उपस्थित नागरिकों में विश्वास और संतोष का भाव जगाया।

**हंगामा** शाहपुर नगर परिषद में वित्तीय घोटाले के आरोपों से मचा बवाल

# नप अध्यक्ष और सीएमओ पर वित्तीय गड़बड़ी के आरोप

**शाहपुर। नगर परिषद कार्यालय में विपक्ष और सत्ता पक्ष के कुछ असंतुष्ट पार्षदों ने लाखों रुपये के कथित फर्जी बिलों और विकास कार्यों में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए जमकर हंगामा किया।**



पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। पार्षदों ने परिषद अध्यक्ष और सीएमओ पर मिलकर वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी बिलों के माध्यम से लाखों रुपए के घोटाले करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हंगामे में भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष और पार्षद एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष भी शामिल रहीं। पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद में छोटे-छोटे कार्यों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर भारी राशि के बिल पास किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद अंकुर राठौर ने बताया कि उनके वार्ड में 10 फीट की सीसी नाली का निर्माण कार्य मात्र 20,000 में किया जा सकता था, लेकिन अध्यक्ष द्वारा दबाव बनाकर सीएमओ ने 1,14,000 का बिल पास कर दिया। इसी तरह पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा करीब रु. 3.50 लाख रुपए के पाइप खरीदे गए, जिनमें से केवल दो पाइपों का ही उपयोग हुआ है, जबकि शेष पाइप भंडार गृह में रखे के नाम पर कहीं नहीं मिल रहे। पार्षद आशीष शुक्ला ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद के आवक-जावक रजिस्टर और कैश बुक की जांच की, जिसमें कई स्थानों पर रिक्त पन्ने और संदिग्ध प्रविष्टियां मिली हैं।

**इनका कहना है**

पार्षद के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है, अगर भंडार के एवम उपार्जन अधिनियम का उल्लंघन हुआ है तो एफआईआर की जाएगी।

**-अरुण कुमार श्रीवास्तव,** सीएमओ नप शाहपुर

## अनैतिक देह व्यापार के कारण लोग परेशान

**अशोकनगर।** बस्ती में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के कारण स्थानीय लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, तो वहीं बाहरी लोगों के आवागमन के कारण लोग विस्थापन के लिए मजबूर है। ऐसी ही एक शिकायत मंगलवार को आयोजित जनुसनवाई में पहुंची, जिसमें गली में हो रहे गंदे काम की शिकायत स्थानीय रहवासियों द्वारा की गई और इस पर रोक लगाने की मांग की गई। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में देह व्यापार से परेशान होकर रहवासियों द्वारा एक ज्ञापन दिया गया.